प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रात:कालीन समाचार

दिनांक-18.11.2024 समय-7.10एएम

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा।
- महाराष्ट्र, झारखंड़ विधानसभा चुनाव के लिये प्रचार का आज अंतिम दिन।
- मुख्यमंत्री इंग्लैंड और जर्मनी की यात्रा कर ग्लोबल इंवेस्टर समिट के लिए निवेशकों को करेंगे आमंत्रित।
- प्रदेश के कई जिलों में 20 नवंबर से शीतलहर चलने की संभावना।

प्रधानमंत्री - जी20

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने तीन देशों के दौरे के दूसरे चरण में आज सुबह ब्राजील पहुंच गये हैं। प्रधानमंत्री आज ब्राजील के रियो डी जनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सम्मेलन के साथ ही श्री मोदी के विश्व नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें करने की भी उम्मीद है। अमरीकी राष्ट्रपति जो बिडेन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी इस दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री श्री मोदी विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर भारत का पक्ष रखेंगे और जी-20 की पिछले वर्ष नई दिल्ली में आयोजित शिखर सम्मेलन में जारी घोषणापत्र के परिणामों के साथ-साथ हाल के वर्षों में भारत द्वारा आयोजित वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के परिणामों पर चर्चा करेंगे। इस वर्ष के जी-20 शिखर सम्मेलन का विषय 'एक न्यायसंगत विश्व और एक सतत ग्रह का निर्माण' है। इस बीच सम्मेलन में भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने कहा है कि पिछले वर्ष नई दिल्ली में जारी जी-20 के घोषणापत्र के बाद इस बार के सम्मेलन में जारी होने वाले घोषणा पत्र में सदस्य देशों के बीच कुछ महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर सहमति बनने के आसार हैं।

झारखंड महाराष्ट्र प्रचार

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज शाम प्रचार थम जाएगा। दोनों राज्य में बुधवार को होने वाले मतदान की पूरी तैयारी कर ली गई है। आज प्रचार के आखिरी दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के दिग्गज नेता मतदाताओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

इससे पहले कल झारखंड के बोकारो जिले के गोमिया में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनसभा की वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका में चुनावी सभा को संबोधित किया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित एनडीए के नेताओं ने प्रचार किया। वहीं महाराष्ट्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नासिक में, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में रैली की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धूले जिले के शिंदखेड़ा में प्रचार किया। दूसरी ओर एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार ने सोलहापुर में रैली की। शिवसेना-यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सतारा के पाटन में एक रैली को संबोधित किया।

प्रकाश पर्व

श्री गुरू नानक जी के 555 वें प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री निवास में कल श्री गुरूग्रंथ साहब जी का भव्य दरबार सजाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरूओं की वाणी अद्भुत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा प्रदेश के स्कूल शिक्षा के पाठ्यक्रम में कक्षा 7वीं में इस शहादत का विस्तृत उल्लेख है। इसी तरह उच्च शिक्षा के स्तर पर सिखों की शहादत पर अनुसंधान कार्य को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज हमारे इतिहास को शिक्षा से जोड़ने की जरूरत है।

महाकुंभ

प्रयागराज महाकुंभ 2025 के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही है। अगले वर्ष 13 जनवरी से शुरू हो रहे इस महाकुंभ के लिए 1 हजार 90 चौराहो पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा एक भव्य 'महाकुंभ सेल्फी प्वाइंट' का भी निर्माण किया गया है। इस का उद्देश्य न केवल महाकुंभ के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना है, बल्कि महाकुंभ के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को जन-जन तक पहुंचाना भी है।

फिल्म महोत्सव-अध्यक्ष

फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर को भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-2024 के लिए अंतर्राष्ट्रीय जूरी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री गोवारिकर "जोधा अकबर", "लगान" और "स्वदेश" जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव से जुड़कर वे सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह महोत्सव 20 से 28 नवंबर तक गोवा में आयोजित होगा।

इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव फरवरी में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए इंग्लैंड और जर्मनी जाकर निवेशकों को आमंत्रित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का क्रम जारी है। दिसम्बर में नर्मदापुरम के बाद शहडोल में भी संभाग स्तरीय कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। इसके बाद ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि ग्वालियर, सागर, रीवा, जबलपुर, उज्जैन हर संभाग में हुए कॉन्क्लेव सफल रहे हैं। जिससे प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विपक्ष भी इसमें सकारात्मक भूमिका निभाए।

ड्रोन दीदी-अच्छी खबर, लुकवासा-शिवपुरी

केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे हैं। कार्यों को लेकर मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन महिला समूह को आगे बढ़ने का काम कर रहा है। शिवपुरी जिले के लुकवासा ग्राम की रेखा ओझा को भी ड्रोन दीदी बनाया गया है। सुनते हैं एक रिपोर्ट-

वाइसकास्ट-पीटीसी- मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले की लुकवासा ग्राम की रहने वाली रेखा ओझा जो पहले साइकिल भी नहीं चला पाती थी अब ड्रोन उड़ा रही हैं। रेखा ओझा ने ड्रोन के माध्यम से खेतों में छिड़काव कर अपनी आमदनी भी बढ़ा ली है। रेखा ओझा पहले एक सामान्य घरेलू महिला थीं लेकिन मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका समूह से जुड़कर उन्होंने अब तरक्की की राह पकड़ ली है। रेखा ओझा ने आकाशवाणी को बताया कि-

मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरविंद भार्गव ने बताया कि--

वाइसकास्ट-पीटीसी.-केंद्र की मोदी सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए शिववुरी से मैं रंजीत गुप्ता।

बांधवगढ़ कार्यशाला

उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथी - मानव द्वंद प्रबंधन पर कल एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें वन्यजीवों की सुरक्षा पर विशेषज्ञों द्वारा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अधिकारी-कर्मचारियों को जानकारी दी गई। कार्यशाला में ट्रंक कॉल एनजीओ मुंबई के व्याख्याता आनंद शिंदे, प्रकृति फाउंडेशन के पुष्पेन्द्र द्विवेदी,ने जानकारी दी। कार्यशाला का आयोजन मानपुर परिक्षेत्र द्वारा किया गया।

मौसम

मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर-पूर्वी हवाओं के कमजोर होने और पहाड़ों में जेटस्ट्रीम चलने की वजह से प्रदेश के कई हिस्सों में ठंड बढ़ गई है। 20 नवंबर से प्रदेश के कई जिलों शीतलहर चलने की संभावना है। इस बीच भोपाल सहित कई अन्य जिलों में तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। भोपाल में कल न्यूनतम तापमान 13 दशमलव 4 डिग्री रहा। पचमढ़ी में सबसे कम न्यूनतम तापमान 8 दशमलव 6 डिग्री दर्ज किया गया।

समाचार संक्षेप में .....

- भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एस एम खान का निधन हो गया है। वे 67 वर्ष के थे। उन्होंने संक्षिप्त बीमारी के बाद नई दिल्ली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। 1982 बैच के आईआईएस अधिकारी एस एम खान ने डीडी समाचार के महानिदेशक के रूप में भी काम किया था।
- खंडवा में कांजी हाउस बाजार सब्जी मंडी में कल नगर पालिक निगम ने एकदिवसीय स्वच्छ बाजार अभियान आयोजित किया। इस अभियान का उद्देश्य दुकानदारों एवं बाजार में आने वाले नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना था।
- श्योपुर जिले के तीनो विकासखण्ड में रिक्त 143 पंच पदो पर निर्वाचन के लिए आज अधिसूचना जारी होगी। इसी के साथ नामांकन प्राप्त करने का सिलसिला शुरू होगा। पंच पदो पर मतदान 9 दिसंबर को कराया जायेगा।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर और भारतीय सेना अब मिलकर काम करेगी। संस्थान और आर्मी ट्रेनिंग कमांड के बीच विशेष समझौता हुआ है। इसके तहत दोनों संस्थान युद्ध नीति में तकनीकी का समावेश बढ़ाने के लिए संयुक्त अनुसन्धान करेंगे।
- डिंडौरी में एकल अभियान के तहत कल अभ्युदय यूथ क्लब के तत्वाधान में 16 जिलों से आये खिलाड़ियों का दो दिवसीय सम्भाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन भगवान बिरसा मुंडा खेल स्टेडियम में किया गया।

.....................................